चिड़िया और चुरुंगुन

छोड़ घोंसला बाहर आया,
देखी डालें, देखे पात,
और सुनी जो पत्ते हिलमिल
करते हैं आपस में बात;–
माँ, क्या मुझको उड़ना आया?
'नहीं, चुरुंगुन, तू भरमाया'

डाली से डाली पर पहुँचा,
देखी कलियाँ, देखे फूल,
ऊपर उठकर फुनगी जानी,
नीचे झुककर जाना मूल;–
माँ, क्या मुझको उड़ना आया?
'नहीं, चुरुंगुन, तू भरमाया'



©NCERT not to be republished

कच्चे-पक्के फल पहचाने,
खाए और गिराए काट,
खाने-गाने के सब साथी
देख रहे हैं मेरी बाट;-
माँ, क्या मुझको उड़ना आया?
'नहीं, चुरुंगुन, तू भरमाया'

उस तरु से इस तरु पर आता,
जाता हूँ धरती की ओर,
दाना कोई कहीं पड़ा हो
चुन लाता हूँ ठोक-ठठोर;
माँ, क्या मुझको उड़ना आया?
'नहीं, चुरुंगुन, तू भरमाया'



मैं नीले अज्ञात गगन की
सुनता हूँ अनिवार पुकार
कोई अंदर से कहता है
उड़ जा, उड़ता जा पर मार;-
माँ, क्या मुझको उड़ना आया?

'आज सुफल हैं तेरे डैने,
आज सुफल है तेरी काया'

–हरिवंशराय बच्चन



©NCERT not to be republished

अभ्यास

शब्दार्थ

पात	–	पत्ता	फुनगी	–	वृक्ष या शाखा का सिरा
भरमाया	–	भ्रम में पड़ गया	बाट	–	राह, रास्ता
तरु	–	वृक्ष, पेड़	अनिवार	–	लगातार
अज्ञात	–	अनजान, जिसके बारे में कुछ पता न हो			

1. नमूने के अनुसार लिखो

नमूना

छोड़ घोंसला बाहर आया,
देखी डालें, देखे पात।

चुरुंगुन घोंसला छोड़कर बाहर आया। उसने डालें और पत्ते देखे।

क डाली से डाली पर पहुँचा,
देखी कलियाँ देखे फूल।

ख खाने-गाने के सब साथी,
देख रहे हैं मेरी बाट।

ग कच्चे-पक्के फल पहचाने,
खाए और गिराए काट।

घ उस तरु से इस तरु पर आता,
जाता हूँ धरती की ओर।

2. कविता से

क चुरुंगुन अपने 'उड़ने' के बारे में बार-बार अपनी माँ से क्यों पूछता है?

ख चुरुंगुन को कौन-कौन सी चीज़ें अच्छी लगती हैं?

ग चुरुंगुन अभी-अभी अपने घोंसले से निकला है। फिर भी वह पूरी दुनिया के बारे में जानना चाहता है। तुम किन चीज़ों के बारे में जानना चाहते हो?

©NCERT not to be republished

3. क्रम से लगाओ

नीचे कुछ चीज़ों के नाम लिखे हैं। चुरुंगुन ने पहले किसे देखा? क्रम से लगाओ।

फूल, पात, फुनगी, डाल, फल, कलियाँ,
धरती, साथी, तरू, दाना, गगन

4. और चुरुंगुन उड़ गया

उड़ने के बाद चुरुंगुन कहाँ-कहाँ गया होगा? उसने क्या-क्या देखा होगा? अपने शब्दों में लिखो।

5. वचन बदलो

	एकवचन		बहुवचन
नमूना	घोंसला	–	घोंसले, घोंसलो
	डाल	–	
	बात	–	
	कली	–	
	फूल	–	
	फल	–	
	साथी	–	
	तरु	–	
	दाना	–	
	डैना	–	

6. बार-बार बोलो और प्रत्येक शब्द से वाक्य बनाओ



डाल – ढाल
बात – भात
फूल – मूल
दाना – धान
फल – पल



©NCERT not to be republished